अ० स० पत्र क्र० अंत्योदय - 2017/5101


औम प्रकाश धनखड़

कृषि, विकास एवं पंचायत
खनन एवं भू–विज्ञान, पशुपालन एवं डेरी
तथा मत्स्य पालन मन्त्री, हरियाणा।


दिनांक, चण्डीगढ़ 27-9-2017

विषयः– राज्य में मिशन अंत्योदय ग्राम समृद्वि एवम् स्वच्छता पखवाड़ा दिनांक 1 अक्तूबर, 2017 से 15 अक्तूबर, 2017 तक मनाये जाने बारे।

महोदय

मैं आपको सहर्ष सूचित करना चाहता हूँ कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार राज्यों के साथ साझेदारी में 1 अक्तूबर, 2017 से 15 अक्तूबर, 2017 तक ग्राम समृद्वि एंवम स्वच्छता पखवाड़ा मना रहा है। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्राालय पंचायती राज मंत्रालय, पेयजल एंव स्वच्छता मंत्रालय और भारत सरकार के कई अन्य मंत्रालयों के साथ सयुंक्त रुप से इस कार्यक्रम को करेंगें जैसे कि स्वच्छ गांवो, ग्राम सभा की बैठकों में लोगों की भागीदारी, परिवारों के लिए आजीविका योजनाओं का विकास आदि के लिए वातावरण तैयार करना।

इस पखवाड़े का एक प्रमुख उदेश्य ग्राम सभा की बैठकों में भाग लेने व गांवों के विकास के लिए मुद्दों को उठाने के लिए गांव के लोगों को प्रोत्साहित करना है इस पखवाड़े में दो अलग–अलग घटक होंगे। पहला घटक ग्राम सभा की बैठकों, स्वच्छता अभियान और सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में सार्वजनिक सूचनाओं को सभी ग्राम पंचायतों मे लागू किया जाना है। दूसरा घटक राज्य सरकार द्वारा मिशन अंत्योदय कार्यक्रम के अंतगर्त चयनित ग्राम पंचायतों में लागू किया जायेगा।

मैं आपको इस अभियान के दौरान अनुबंध "ए" अनुसार आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए आंमत्रित करता हूं। ग्राम पंचायतों में आपकी उपस्थिति भागीदारी स्तर को बढ़ावा देगी और अभियान के दौरान शुरु होने वाले सामुदायिकता आधारित कार्यक्रमों को दृश्यता प्रदान करेगी।

आदर सहित ।

(ओ0पी0धनखड़)
21/9/17

1. राज्य के सभी माननीय सांसद।
2. राज्य के सभी माननीय विधायक।

जारी.....2/-

पृष्ठा0 क0–अंत्योदय–2017/4102 चण्डीगढ़, दिनांक 27.09.2017

अर्ध–सरकारी पत्र की प्रति जिले के सभी उपायुक्तो–कम–जिला नोडल अधिकारियों (मिशन अंत्योदय ग्राम समृद्धि एवं स्वच्छता पखवाड़ा) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित की जाती है।

परियोजना अर्थशास्त्री
कृतेः निदेशक एवं विशेष सचिव,
ग्रामीण विकास विभाग,
हरियाणा, चण्डीगढ़।

अनुबन्ध 'ए'

## ग्राम समृद्धि एवं स्वच्छता पखवाड़ा में प्रत्येक दिन आयोजित किये जाने वाले विभिन्न कियाकलापों का ब्यौरा

| क0 स0 | कियाकलाप | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायतों में पखवाड़े की तैयारी, ग्राम पंचायत भवनों में जागरूकता एवं पर्यावरण निर्माण, आईईसी सामग्री का प्रदर्शन, लाभार्थी की जानकारी। | 28 से 30 सितम्बर, 2017 |
| 2 | क) अभियान के बारे में सामान्य जानकारी।<br>ख) स्वच्छता अभियान शुरू करना। | 01 अक्तूबर, 2017 |
| 3 | क) सुबह के समय प्रभात फेरी (विद्यालय शिक्षा विभाग के समन्वयन में विद्यालय के बच्चों को शामिल करते हुए)<br>ख) उपर्युक्त के साथ–साथ बाल सभाओं का आयोजन<br>ग) ग्राम सभा<br>• पिछले वित्तीय वर्ष और चालू वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में किए गए सभी कार्यों की प्रस्तुतिकरण।<br>• जीपीडीपी समीक्षा।<br>• मिशन अंत्योदय के तहत बेसलाइन रैंक के बारे में ग्राम पंचायतों को सूचित करना।<br>घ) ग्राम पंचायत परिषद् की बैठकें<br>ड) निम्नलिखित के लिए प्रारूप तैयार करना:–<br>• स्वच्छ हरित गावं<br>• ग्राम समृद्धि<br>च) शाम को फिल्म शो जैसे सांस्कृतिक कार्यकम, नुक्कड नाटक आदि। | 02 अक्तूबर, 2017 |
| 4 | स्वच्छ हरित गांव :<br>ग्राम स्वच्छता अभियान, सड़क के किनारों व सार्वजनिक स्थानों से कचरे की सफाई, नालियों की सफाई करना। | 03 अक्तूबर, 2017 |
| 5 | भोजन की पोष्टिकता व स्वास्थ्य :<br>• डब्ल्यू.ए.एस.एच.।<br>• विद्यालयों में मिड–डे–मिल व्यवस्थाओं का निरीक्षण।<br>• मिड–डे–मिल(एम.डी.एम.) व्यवस्था करते हुए स्वयं सहायता समूह(एस.एम.सी.) और स्कूल प्रबन्धन समिति(एस.एच.जी.)की बैठकों का आयोजन करना। | 04 अक्तूबर, 2017 |
| 6 | स्वच्छता अभियान :<br>• विद्यालयों में स्वच्छता के लिए प्रोत्साहित करना<br>• विद्यालयों की सफाई/विद्यालयों में वृक्षारोपण | 05 अक्तूबर, 2017 |
| 7 | स्वास्थ्य से संबंधित कार्यकलाप जैसेकिः<br>• एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) केंद्रों पर बच्चों के स्वास्थ्य का वजन करना। | 06 अक्तूबर, 2017 |

| | | |
|---|---|---|
| | • विद्यालयों में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करना।<br>• एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) केंद्रों, विद्यालयों आदि में कुपोषण संबंधी जानकारी देना।<br>• महिला स्वास्थ्य जांच शिविर लगाना।<br>• खाद्य पोषण स्वास्थ्य और सफाई (एफएनएचडब्ल्यू) के साथ–साथ स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन।<br>उपर्युक्त कार्यकलापों का समन्वयन जीएचजी/एएनएम / आशा/ आईसीडीएस कार्यकर्ताओं की सहायता से किया जाएगा। | |
| 8 | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना :<br>क) सड़कों के किनारे नालियों की सफाई/पुनः आकार देना।<br>ख) गढढे भरना।<br>ग) सड़क के किनारों को भरना।<br>घ) जहां पर भी आवश्यकता हो पटरियों की मुरम्मत, पटरियों की खुदाई, बारिश की वजह से सड़कों पर कटाव व तटबंधों की मुरम्मत करना।<br>ड) अपनी जगह से हटे गार्ड पत्थरों का पुनः प्रतिस्थापन, सफेदी, जल निकासी का कार्य इत्यादि।<br>च) टूटे हुए दूरी पत्थरों, सावधानी पटल, गांव के चिन्ह् पटल, गति सीमा पटल, पी.एम.जी.एस.वाई. के चिन्ह् पटल व नागरिक सूचना पटल की स्थापना व रंगाई।<br>छ) ऐसे पेड व झाड़ियां जो यातायात व देखने में बाध्य हों की कटाई। | 07 अक्तूबर, 2017 |
| 9 | कृषि सभाएं: उत्पादकता और दूसरे आजीविका अवसरों को बढ़ाने के लिए तालमेल के महत्व को स्पष्ट करते हुए ग्राम पंचायतों, कृषि विज्ञान केन्द्रों और कृषि विस्तार कार्यकर्ताओं की सहायता से कृषि सभाओं का आयोजन करना :<br>• कृषि और बीजों की उन्नत किस्मों की आधुनिकतम तकनीकों के संबंध में जागरूकता।<br>• तालमेल के माध्यम से आय के अतिरिक्त स्त्रोतों के रूप में डेयरी, मुर्गीपालन, मछलीपालन को बढ़ावा देना। | 08 अक्तूबर, 2017 |
| 10 | आजीविका :<br>क) विशेष महिला सभा/एसएचजी सदस्यों की बैंठकों का आयोजन।<br>ख) स्वच्छता अभियान के भाग के रूप में वर्मी कम्पोस्ट गड्ढे खोदे जाएं।<br>ग) गांव के लिए सूक्ष्म जमा योजना पर विचार–विमर्श करना।<br>घ) मूल्य श्रृंखला विकास करना।<br>ड) उत्पादक कंपनियो का गठन करना। | 09 अक्तूबर, 2017 |
| 11 | क) कार्यान्वियन के बारे में ग्राम पंचायत विकास योजना(जीपीडीपी) ब्यौरे की समीक्षा और विचार–विमर्श।<br>ख) एफएफसी/एसएफसी और अन्य सरकारी निधियों से संसाधनों का अनुमान।<br>ग) किए गये कार्यों के ब्यौरे को सार्वजनिक करना। | 10 अक्तूबर, 2017 |
| 12 | क) मनरेगा कार्य योजना तैयार करना।<br>ख) एसएलडब्ल्यूएम पर विशेष ध्यान देना। | 11 अक्तूबर, 2017 |

| | | |
|---|---|---|
| | ग) जल संरक्षण पर जोर देने के लिए कार्य योजना तैयार करना। | |
| 13 | क) प्रधान मंत्री आवास योजना–ग्रामीण(पीएमएवाई–जी) संबंधी लाभार्थियों की सूची को पढ़ा जाना।<br>ख) पीएमएवाई–जीः भूमि पूजन और उद्घाटन करना।<br>ग) विभिन्न योजनाओं के तहत व्यक्तिगत हकदारी।<br>• वृद्धावस्था/अन्य पेंशन, छात्रवृत्ति, खाद्य संवितरण, एलपीजी, सौर प्रकाश के लिए सत्यापन करना।<br>• शेष बचे लाभार्थियों की पहचान करना।<br>घ) लाभार्थियों को भुगतान समय पर किया जाता है या नही बारे सत्यापन करना। | 12 अक्तूबर, 2017 |
| 14 | कौशल विकास :<br>• युवाओं का पंजीकरण और एकजुटता शिविर लगाना। | 13 अक्तूबर, 2017 |
| 15 | कौशल विकास :<br>• अभ्यार्थियों को पीआईए/नियोक्ताओं से जोड़ना । | 14 अक्तूबर, 2017 |
| 16 | कार्यवाही रिपोर्ट (एटीआर) पर प्रस्तुतिकरण व पुरस्कार वितरण। | 15 अक्तूबर, 2017 |